मुख्यमंत्री ने आम जनता के लिये पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया

चर्चा में क्यों?

28 अप्रैल, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पर राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'एयर एंबुलेंस सेवा' का शुभारंभ किया है।

प्रमुख बिंदु

- नागर विमानन प्रभाग द्वारा 'एयर एंबुलेंस सेवा' के लिये राज्य स्तरीय एक सेल का गठन किया गया है। राज्य की जनता दूरभाष पर संपर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एंबुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकती है।
- आवेदक को दूरभाष पर ही गंतव्य के अनुसार संभावित व्यय से अवगत कराया जाएगा। आवेदक की सहमति के उपरांत एयर एंबुलेंस ऑपरेटर द्वारा 2 घंटे के अंदर एयरक्राफ्ट को तैयार करने का प्रावधान रखा गया है, ताकि ज़रूरतमंद को जल्द-से-जल्द गंतव्य तक पहुँचाया जा सके।
- इस सेवा के अंतर्गत आम नागरिकों की सहूलियत के लिये फ्लाइट को रि-शिड्यूल (Re-schedule) करने का प्रावधान भी रखा गया है।
- वर्तमान में राँची से नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं तिरुपति प्रमुख गंतव्य के रूप में निर्धारित किये गए हैं। राँची के अलावा देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह एवं दुमका में भी यह सेवा उपलब्ध होगी।
- इस सेवा का उपयोग सिर्फ जो पैसे दे सकते वही कर पाएंगे ऐसा नहीं है, इसमें आवश्यकतानुसार जो पैसे नहीं भी दे सकता है, उसको भी एयर एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने और स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launched-air-ambulance-service-for-the-1st-time-for-the-general-public